# 2025

## HINDI — MDC

**Paper : MN-4**

**(Hindi Kahani)**

**Full Marks : 75**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (हिंदी कहानी)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) "दूसरे-तीसरे दिन सब्जी वाले के यहाँ, दूध वाले के यहाँ अकस्मात् दोनों मिल जाते। महीना–भर यही हाल रहा। दो-तीन बार लड़के ने फिर पूछा, 'तेरी कुड़माई हो गई?' और उत्तर में वही 'धत्' मिला।"

(ख) "अब घोड़े का नाम न लो। मैं तुमसे इस विषय में कुछ न कहूँगा। मेरी प्रार्थना केवल यह है कि इस घटना को किसी के सामने प्रकट न करना।"

(ग) "उसे लगा, मानो लड़कियाँ उसे संदेह की दृष्टि से देख रही हैं, मानो उन्होंने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया। उसका सिर चकराने लगा। मानो बादलों का स्याह झुरमुट किसी अनजाने कोने से उठकर उसे अपने में समा लेगा। वह थोड़ा-सा हँसी, फिर धीरे से उसने अपने सिर को झटक दिया।"

(घ) "एक तो पीठ में गुदगुदी लग रही है, दूसरे रह-रह कर चंपा का फूल खिल जाता है उसकी गाड़ी में। बैलों को डाँटो तो इस-बिस करने लगती है उसकी सवारी ..."

(ङ) "लंबे पैंतीस वर्षों तक अखंड केवल रामायण और गीता। उसके पहले युवाकाल में जो-कुछ जितना-कुछ पढ़ा हो उन्होंने। उसे कभी भयावह, कभी सम्मानजनक और कभी झूठ लगता, यह देख-सोचकर कि कोई व्यक्ति केवल दो पुस्तकों में जिंदगी के पैंतीस वर्ष काट सकता है। और कैसे काट लेता है?"

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) 'गुंडा' कहानी के आधार पर जयशंकर प्रसाद की कहानी-कला पर विचार कीजिए।

(ख) 'चीफ की दावत' कहानी में निहित मानवीय संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'मिस पाल' कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) 'हार की जीत' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'तीसरी कसम' कहानी की समीक्षा कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर लिखिए : 1×9

(क) 'उसने कहा था' कहानी के मुख्य पुरुष पात्र का नाम बताइए।

(ख) दुनिया का सबसे अनमोल रतन क्या है?

(ग) 'खड्गसिंह' किस कहानी का पात्र है?

(घ) 'तीसरी कसम' कहानी की पहली कसम क्या थी?

(ङ) टेपचू की माँ का क्या नाम था?

(च) 'बदला' कहानी के मुख्य पात्र का नाम लिखिए।

(छ) 'डिप्टी कलक्टरी' कहानी के लेखक कौन हैं?

(ज) 'लतिका' किस कहानी की पात्र है?

(झ) 'ब्लैक होल' किसकी रचना है?